# University in News on 10 December 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

**JAGRAN CITY PAGE I**

## लवि ने नैक मूल्यांकन के लिए जमा की रिपोर्ट

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के मूल्यांकन के लिए सेल्फ स्टडी रिपोर्ट जमा कर दी। अब रिपोर्ट का नैक, सत्यापन कराएगी। फिर तिथि तय करके विश्वविद्यालय का दौरा करेगी।

लवि ने वर्ष 2014 में नैक मूल्यांकन कराया था। उस समय विश्वविद्यालय को बी ग्रेड मिला था। मई 2019 में पांच साल की समय सीमा पूरी हो गई थी। नए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दिसंबर 2019 में आने के बाद मूल्यांकन के लिए सबसे पहले कमियों को दूर कराना शुरू किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने अपनी सेल्फ स्टडी रिपार्ट जमा कर दी है। इससे पहले शिक्षकों के प्रमोशन, नई भर्ती से लेकर सिलेबस रिवीजन, स्नातक-परास्नातक में नई शिक्षा नीति लागू करने से लेकर जो भी कमियां थीं, उन्हें दूर किया गया। चूंकि मूल्यांकन के समय डेटा सत्यापन के सर्वाधिक अंक होते हैं, बाकी अंक टीम के दौरे पर तय होते हैं। अब नैक डेटा सत्यापन कराएगी। इसके बाद निरीक्षण की तिथि बताएगी। निरीक्षण होने के बाद अंकों के आधार पर नैक का ग्रेड तय किया जाएगा।

**नेशनल पीजी कालेज ने भी भेजी रिपोर्ट :** नेशनल पीजी कालेज ने भी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट जमा कर दी है। अब नैक किसी दूसरी संस्था (थर्ड पार्टी) से रिपोर्ट में दिए गए डेटा का सत्यापन कराएगा। उसके बाद विद्यार्थियों का सर्वे भी होगा। नेशनल कालेज ने वर्ष 2014 में नैक मूल्यांकन कराया था, जिसमें उन्हें ए ग्रेड मिला था। इसकी पांच साल की वैद्यता वर्ष 2019 में समाप्त हो गई थी, लेकिन उसके बाद से कालेज पुन : नैक मूल्यांकन की तैयारी में जुटा है। आइक्यूएसी (इंटनरल क्वालिटी एश्योरेंस सेल) के निदेशक डा. राकेश जैन ने बताया कि कालेज में स्नातक, परास्नातक के 17 पाठ्यक्रमों में करीब 5,600 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। मूल्यांकन से पहले नैक किसी दूसरी संस्था से रिपोर्ट में दिए गए प्रत्येक आंकड़ों का सत्यापन कराएगी। नैक मूल्यांकन के लिए विद्यार्थियों से भी कालेज की सुविधाओं, पाठ्यक्रम सहित कई चीजों के बारे में पूछा जाता है। इसके अंक मूल्यांकन में जोड़े जाते हैं। कालेज ने पांच हजार विद्यार्थियों का ई-मेल आइडी व मोबाइल नंबर नैक को भेजे हैं।

## एमएड की खाली सीटों पर सीधे प्रवेश का मौका

**लखनऊ विश्वविद्यालय ने कालेजों की सीटें भरने के लिए जारी किए निर्देश, विद्यार्थियों को 15 दिसंबर तक दिया गया अवसर**

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से काउंसलिंग में तीन बार सीट आवंटन एवं अपग्रेडेशन के बाद भी कालेजों में एमएड पाठ्यक्रम की काफी सीटें खाली हैं। अब इन सीटों को सीधे प्रवेश के माध्यम से भरने के लिए 15 दिसंबर तक मौका दिया गया है। इसमें वही अभ्यर्थी प्रवेश के लिए पात्र होंगे, जो विश्वविद्यालय की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए हों और न्यूनतम शैक्षिक योग्यता पूरी करते हैं। इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने पत्र जारी कर दिया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय सहित करीब 16 महाविद्यालयों में एमएड पाठ्यक्रम संचालित है। शैक्षिक सत्र 2021-22 में इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय ने सितंबर में प्रवेश परीक्षा आयोजित की थी। उसके बाद काउंसलिंग की प्रक्रिया हुई। तीन बार आवंटन एवं अपग्रेडेशन किया जा चुका है। प्रवेश सेल के मुताबिक फिर भी कई महाविद्यालयों में करीब 300 सीटें खाली हैं। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि इन सीटों पर डीन एडमिशन और प्रवेश समन्वयक ने अभ्यर्थियों को मौका देने का प्रस्ताव दिया था, जिसे कुलपति ने मंजूरी दे दी।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## एलयू के 140 छात्रों को इस साल कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ | आंचल अवस्थी

**● कोविड की दूसरी लहर के बाद खुले रोजगार के द्वार**

कोरोनाकाल में जहां रोजगार की गाड़ी पटरी से पूरी तरह उतर गई थी, वहीं दूसरी लहर के शांत पड़ने के लगभग पांच महीने बाद अब हालात बेहतर होते दिख रहे हैं। पिछले दो महीने में लखनऊ विश्वविद्यालय का इंजीनियरिंग संकाय आधा दर्जन से ज्यादा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर चुका हैं। 140 से ज्यादा छात्रों को कैम्पस प्लेसमेंट मिल चुके हैं। अब तक मिला सबसे ज्यादा पैकेज लगभग सात लाख रुपए वार्षिक का है।

गुरुवार को एलयू की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से सात दिसम्बर को कैम्पस प्लेसमेंट में सात छात्रों का प्लेसमेंट आईटी कम्पनी सिंगसिस सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड में हुआ है। इनमें अरुंधति, अविनाश पाठक, प्रियांशु सिंह, साकेत कुमार पांडे, यश अग्रवाल, अंकित गुप्ता का चयन सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर और एक छात्रा लावण्या अग्रवाल का चयन डिजिटल मार्केटिंग में 2.28 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन इंजीनियरिंग संकाय प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय, संचालन इं. अंशु सिंह, इं. पवन राजावत, इं. पंकज कुमार ने किया है।

**प्रमुख अवसर**

- 21 और 23 अक्टूबर को प्लेसमेंट ड्राइव में 26 छात्रों का प्लेसमेंट।
- अक्टूबर में ही इंजीनियरिंग के 20 छात्रों का विप्रो में प्लेसमेंट।
- चार छात्रों का विप्रो में चयन।
- 23 नवंबर को सात विद्यार्थियों का चयन डेलॉयट में हुआ।
- 28 नवंबर को सात छात्रों का प्लेसमेंट ग्लोबल कम्पनी इंटेलेक्ट डिजाइन अरिना में हुआ।
- 1 और 2 दिसंबर को दो कम्पनियों मे 13 छात्रों का चयन हुआ।
- तीन कम्पनियों में 23 छात्रों का चयन हुआ।

## एलयू ने नैक के लिए आवेदन भेजा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को नैक मूल्यांकन के लिए आवेदन भेज दिया है। एलयू प्रशासन को उम्मीद भी है कि इस बार 'ए' ग्रेड उसके खाते में आ जाएगा। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय समेत पूरा प्रशासन महीनों से इसकी तैयारियों में जुटा हुआ था। डाटा अपलोड करने में थोड़ा ज्यादा समय इसलिए लगा क्योंकि ऑनलाइन डाटा सबमिट करने के साथ-साथ उसके सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट भी सबमिट करने थे। अब काम पूरा हो गया है और एलयू ने नैक में अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है।

## दो विषयों में प्रवेश के लिए सूची जारी

**लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय ने तीन महीने बाद दो विषयों में पार्ट टाइम (अंशकालिक) पीएचडी दाखिले के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची गुरुवार को जारी कर दी। विधि नौ और वाणिज्य में चार अभ्यर्थी प्रवेश के योग्य पाए गए हैं। इनकी सूची वेबसाइट पर भी जारी की जा रही है। चयनित अभ्यर्थियों को 12 दिसंबर तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in के माध्यम से फीस जमा करने का मौका दिया गया है। (जासं)

**i-NEXT PAGE II**

## नैक के लिए भेजी गई एसएसआर रिपोर्ट

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (9 Dec):** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से मूल्यांकन को लेकर गुरुवार को लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सेल्फ स्टडी रिपोर्ट भेज दी है. यह रिपोर्ट आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर तैयार की गई है. जिसमे छात्रों से लेकर शिक्षकों की संख्या, उपलब्ध संसाधन, उपलब्धियों का ब्यौरा रहता है.

**गवर्नर हैं सक्रिय**

राज्य यूनिवर्सिटी के नैक से मूल्यांकन को लेकर कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल सक्रिय हैं. जिससे राज्य के शैक्षिक संस्थान उत्कृष्ट कोटि के संस्थान में शामिल हो सकें. बीते 9 अगस्त को राज्यपाल ने लखनऊ यूनिवर्सिटी की समीक्षा की थी. राज्यपाल ने कहा था कि यूनिवर्सिटी जिन मानकों में पिछड़ रही है, उनके लिए और अधिक प्रयास करे.

**निर्देश भी दिए थे**

कुलाधिपति ने यूनिवर्सिटी को अपनी गतिविधियों को अधिकतम ऑनलाइन रखने, पुराने डाटा के संकलन को दुरूस्त करने, स्टूडेंट्स से तालमेल बेहतर रखने, नवाचार बढ़ाने के निर्देश दिए थे. बता दें कि नैक द्वारा यूनिवर्सिटी के स्तर का मूल्यांकन 75 प्रतिशत डाटा आधारित तथा 25 प्रतिशत विजिट आधारित होता है.

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## पार्ट टाइम पीएचडी के चयनितों की सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा के लंबे समय बाद बृहस्पतिवार को पार्ट टाइम पीएचडी के लिए चयनित दो विषयों की लिस्ट जारी कर दी है। चयनित उम्मीदवारों को 12 दिसंबर तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन शुल्क जमा करने को कहा गया है। डीन प्रवेश प्रो. वीके शर्मा ने बताया कि विधि में नौ और वाणिज्य विषय में 4 सीटों के लिए सूची घोषित की गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

**AMRIT VICHAR PAGE 5**



कैंपस प्लेसमेंट के दौरान चयनित छात्र-छात्राएं। फोटो : अमृत विचार

**इंजीनियरिंग संकाय के छात्रों को मिला रोजगार**

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में सात छात्रों को रोजगार मिला है। आईटी कंपनी सिंगसिस सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से छह छात्रों अरुंधति, अविनाश पाठक, प्रियांशु सिंह, साकेत कुमार पांडे, यश अग्रवाल, अंकित गुप्ता का चयन सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर और एक छात्रा लावण्या अग्रवाल का चयन डिजीटल मार्केटिंग के पद पर किया गया है। छात्रों का चयन अधिकतम 2.28 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। छात्रों ने शिक्षा के साथ-साथ विश्वविद्यालय को धन्यवाद दिया है। संकाय के शिक्षकों ने भी छात्रों को इसके लिए अपनी शुभाकामनाएं दी।

**पीएचडी कार्यक्रम की चयनित सूची जारी**

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित, सत्र 2020-21 के लिए अंशकालिक पीएचडी कार्यक्रम के लिए चयनित सूची लखनऊ विश्वविद्यालय में विधि और वाणिज्य विषयों के लिए घोषित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश दिया गया है कि वे शुल्क जमा करने के लिए lkouniv.ac.in पर जाएं। फीस जमा करने की अंतिम तिथि 12 दिसम्बर 2021 है। ये जानकारी डीन प्रोफेसर वीके शर्मा की ओर से दी गयी।

**PIONEER PAGE 3**

## मूल्यांकन को लेकर एलयू ने नैक को भेजा एसएसआर

**लखनऊ।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से मूल्यांकन को लेकर गुरुवार को लविवि ने सेल्फ स्टडी रिपोर्ट एसएसआर भेज दी है। विवि की तरफ्से यह एसएसआर आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर तैयार की गई है। जिसमे छात्रों से लेकर शिक्षकों की संख्या, उपलब्ध संसाधन, उपलब्धियों का ब्यौरा शामिल रहता है। राज्य विवि के नैक से मूल्यांकन को लेकर कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल काफी सक्रिय है। जिससे राज्य के शैक्षिक संस्थान उत्कृष्ट कोटि के संस्थान में शामिल हो सके। इसी क्रम में बीते 9 अगस्त 2021 को राज्यपाल ने लविवि की समीक्षा की थी। जिसमे राज्यपाल ने कहा था कि विवि जिन मानकों में पिछड़ रहे हैंए उनके लिए और अधिक प्रयास करें तथा नैक मानकों के अनुरूप अपने विवि के मूल्यांकन को शत.प्रतिशत बनाने का प्रयास करें। राज्यपाल ने प्रस्तुतीकरण के दौरान कई ऐसे छोटे-छोटे बिन्दुओं पर ध्यान आकर्षित कराया था जहां विवि अपने प्रयासों से स्तर में सुधार लाकर मूल्यांकन में वृद्धि कर सकते हैं। नैक द्वारा विवि के स्तर का मूल्यांकन 75 प्रतिशत डेटा आधारित तथा 25 प्रतिशत विजिट आधारित होता है। इसके लिए समग्र मूल्यांकन की सात श्रेणियां निर्धारित हैं। विवि की इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के निदेशक डॉ राजीव मनोहर ने बताया कि नैक को एसएसआर रिपोर्ट भेज दी गई है। अब रिपोर्ट का अध्ययन कर नैक की तरफ्से विवि को अवगत कराया जाएगा।